



SHRI ADNAN SAMI KHAN

Shri Adnan Sami Khan is a world renowned & celebrated Indian Music Composer, Concert Pianist, Singer and Actor. He has a special command on all Indian and Western Classical and Semi-Classical Music. His career has ranged from Classical Music (Indian and Western) to Jazz to modern Pop-Rock. He can play 35 musical instruments. As a Musician, he was a child prodigy who started to play the piano at the age of 5 & composed his first piano concert at the age of 7. He gave his first public concert at the age of 8.

2. Born on 15th August, 1969 as a recording artist, stage and television performer, Adnan Sami, has worked in various parts of the world in a career spanning 36 years of which 20 years he has solely contributed to Indian film music. As a singer, he has sung in Hindi, Punjabi, Bengali, Marathi, Kannada, Telugu Assamese & Malayalam languages. His independent vocal albums have consistently been big sellers, each album, crossing the multi-million 'platinum' mark in sales. His energy on stage as well as his music videos is a delight for audiences and viewers of all ages. He has been credited with raising the standard of Indian Pop Music presentations on Indian television through his ground-breaking music videos for which MTV constituted a special award in his honor as 'Breakthrough Artist of the Year' in 2001.

3. Shri Sami Khan's most notable contribution to world music is his extraordinary accomplishment as a concert Pianist. He has been credited as "the first musician in the world to have introduced the Piano in the genre of Indian classical music. Therefore, he is the first person to play Indian Classical Music on the piano in a unique style that he invented by modelling the traditions of the Indian Santoor into the dynamics and characteristics of the piano. Whilst, evolving this phenomenal technique, he developed a sound on the piano which had never been heard before on that instrument & after extensive research & study, he presented it to the world with a technique that led him to be acclaimed by the US-based prestigious 'Keyboard Magazine' as the fastest pianist in the world. The magazine later went on to declare him as the world's 'Keyboard Discovery Of The Nineties'.

4. Shri Sami's work for the Government of India has been extensive having participated in numerous charity concerts for the Government of U.P., Government of Andhra Pradesh, Government of Maharashtra, Government of Bengal, Government of Punjab, Government of Karnataka, Indian Army, Indian Navy, Mumbai Police, Nasik Police over a span of 20 years. He had written the official song for India to cheer on the Indian Cricket team during the World Cup Cricket 2003, which became immensely popular all over the nation. The video of this song captures the nationalistic spirit of competition depicting Adnan performing with the Indian Cricket Team & famous Bollywood personalities. He was also invited to perform for the grand finale as a solo performance to mark the 350 years celebration of the Taj Mahal.

5. Shri Sami is credited for selling out London's Prestigious 'Wembley Stadium' for an astonishing 8 times. This is an honor that has been achieved by very few of the highest & most accomplished artists of the world in history, out of which, in 2003, he sold out Wembley Stadium two nights in a row! This achievement won him a place in the 'Limca Book of World Records' (Asia's equivalent to the west's 'Guinness Book of World Records').

6. Shri Sami has won a number of international awards, including the Nigar Award, the Bolan Academy Award & the Graduate Award. He was given a special award by UNICEF for the song he wrote for famine-hit Ethiopia as a teenager and a United Nations Peace Medal for a song he wrote and performed for Africa. In 2007, Sami was given a Special Award from the U.K. Parliament (House of Commons) for his 'Outstanding Contribution to Sub-Continental Music'. In 2008, he was presented the "Naushad Music Award" by Andhra Pradesh Department of Culture, in Hyderabad. In 2008 he also won "Best International Act" at the UK Asian Music Awards. In 2013, he was given the Brand Laureate International Brand Personality award by the President of The Brand Laureate, Dr KK Johan, in Kuala Lumpur, Malaysia. Later in 2013, Shri Sami was given a Special Award by the Canadian Parliament for his 'Exceptional Services to Indian Music'. He was honored by the government of United Sates in 2014 as the 'Honorary Sheriff of Texas'.





श्री अदनान सामि खान

श्री अदनान सामि खान एक विश्व विख्यात और लोकप्रिय भारतीय संगीतकार, कॉन्सर्ट पियानोवादक, गायक और अभिनेता हैं। उन्हें संपूर्ण हिंदुस्तानी और पश्चिमी शास्त्रीय और अर्ध–शास्त्रीय संगीत में महारत हासिल है। संगीत की उनकी यात्रा शास्त्रीय संगीत (हिन्दुस्तानी और पश्चिमी) से लेकर जैज और आधुनिक पॉप–रॉक तक रही है। वह 35 वाद्य यंत्र बजा सकते हैं। एक संगीतकार के रूप में, वह बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और उन्होंने 5 वर्ष की उम्र में पियानो बजाना शुरू कर दिया था, तथा 7 वर्ष की उम्र में अपने पहले पियानो संगीत कार्यक्रम के लिए संगीत तैयार किया। उन्होंने अपना पहला सार्वजनिक संगीत कार्यक्रम 8 वर्ष की उम्र में पेश किया।

2. उनका जन्म 15 अगस्त, 1969 को हुआ। एक रिकॉर्डिंग कलाकार, मंच और टेलीविजन कलाकार के तौर पर, अदनान सामि ने अपने 36 वर्षों के संगीत जीवन में, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में काम किया है, इनमें से 20 वर्ष उन्होंने पूरी तरह से भारतीय फिल्म संगीत में योगदान दिया है। एक गायक के रूप में, उन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली, मराठी, कन्नड़, तेलुगु असमिया और मलयालम भाषाओं में गाया है। उनके स्वर में तैयार एल्बमों की बिक्री बहुत बड़ी संख्या में हुई है और प्रत्येक एल्बम ने करोड़ो संख्या में बिक्री के प्लैटिनम स्तर को पार कर लिया है। मंच पर और संगीत के वीडियो में उनकी ऊर्जा सभी उम्र के श्रोताओं और दर्शकों के लिए एक आनंदकारी अनुभव है। उन्हें अपने कीर्तिमान तोड़ देने वाले संगीत वीडियो के जरिए भारतीय टेलीविजन पर भारतीय पॉप संगीत प्रस्तुति के नए मानक तैयार करने का श्रेय जाता है और उसके लिए एमटीवी ने 2001 में उनके सम्मान स्वरूप 'ब्रेकथ्रू आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' नाम से एक विशेष पुरस्कार की स्थापना की।

3. श्री सामि खान का विश्व संगीत में सबसे उल्लेखनीय योगदान कंसल्ट पियानो वादक के तौर पर उनकी असाधारण उपलब्धि है। उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत शैली में पियानो शुरू करने के लिए विश्व के प्रथम संगीतकार के रूप में श्रेय दिया गया है। इसलिए वे एक अनूठी शैली में पियानो पर भारतीय शास्त्रीय संगीत बजाने वाले प्रथम व्यक्ति हैं और उन्होंने भारतीय संतूर की परंपराओं का अनुकरण करते हुए उसमें पियानो की गति और विशेषताएं शामिल की हैं। इस अद्भुत तकनीक को तैयार करते समय उन्होंने पियानो पर एक स्वर का निर्माण किया है जिसे इस वाद्य यंत्र पर पहले कभी नहीं सुना गया है और विशद अनुसंधान और अध्ययन के बाद उन्होंने इसे एक ऐसी तकनीक के साथ दुनिया के सामने पेश किया था जिसके कारण उनकी सराहना अमेरिका स्थित प्रतिष्ठित 'की बोर्ड मैगजीन' के द्वारा दुनिया के सबसे तेज पियानो वादक के तौर पर की गई है।

4. श्री सामि ने भारत सरकार के लिए व्यापक कार्य किया है और उन्होंने 20 वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार, आंध्र प्रदेश सरकार, महाराष्ट्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार, पंजाब सरकार, कर्नाटक सरकार, भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, मुंबई पुलिस, नासिक पुलिस के लिए अनगिनत सहायतार्थ संगीत समारोह में भाग लिया है। उन्होंने विश्व कप क्रिकेट 2003 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के अभिनंदन के लिए भारत के आधिकारिक गीत की रचना की थी जो समूचे राष्ट्र में बेहद लोकप्रिय हुआ। इस गीत के वीडियो ने प्रतियोगिता में एक राष्ट्रवादी उत्साह भर दिया और उसमें अदनान को भारतीय क्रिकेट टीम और बॉलीवुड की नामी शख्सीयतों के साथ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। उन्हें ताज महल के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अवसर पर सोलो प्रदर्शन के लिए एक भव्य कार्यक्रम में प्रदर्शन करने के लिए भी आमंत्रित किया गया था

5. श्री सामि को हैरतअंगेज ढंग से 8 बार लंदन के प्रतिष्ठित वेम्बले स्टेडियम के लिए पूरी बिक्री का श्रेय जाता है। यह एक ऐसा सम्मान है जो इतिहास में दुनिया के बहुत ही कम और महान कलाकारों को हासिल हुआ है। इनमें से 2003 में लगातार दो रात वेम्बले स्टेडियम के लिए बिक्री की इस उपलब्धि के लिए उन्हें लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, जो पश्चिम जगत के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के बराबर है, में स्थान प्राप्त हुआ।

6. श्री सामि ने अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए हैं, जिनमें नाइजर अवार्ड, द बोलन अकेडमी अवार्ड और ग्रेजुएट अवार्ड शामिल हैं। उन्हें एक किशोर के तौर पर अकाल पीड़ित इथियोपिया के लिए एक गीत की रचना करने के लिए यूनिसेफ द्वारा एक विशेष पुरस्कार तथा अफ्रीका के लिए लिखे और प्रस्तुत किए गए गीत के लिए युनाइटेड नेशंस पीस मेडल प्रदान किया गया था। 2007 में सामी को उपमहाद्वीपीय संगीत में असाधारण योगदान के लिए यूके की संसद (हाउस ऑफ कॉमन) की ओर से एक विशेष प्रकार पुरस्कार से नवाजा गया था। 2008 में, उन्हें हैदराबाद में आंध्र प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा "नौशाद संगीत पुरस्कार" प्रदान किया गया था। 2008 में उन्होंने यूके एशियन म्यूजिक अवॉर्ड्स में "बेस्ट इंटरनेशनल एक्ट" का पुरस्कार भी जीता। 2013 में उन्हें कुआलालाम्पुर, मलेशिया में द ब्रांड लॉरिअट के प्रेसिडेंट डॉक्टर के.के. जोहान द्वारा द ब्रांड लॉरिअट इंटरनेशनल ब्रांड पर्सनैलिटी अवार्ड दिया गया था। 2013 के अंत में, श्री सामि को कनाडा की संसद द्वारा भारतीय संगीत के प्रति उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया था। 2014 में संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार द्वारा उन्हें "टेक्सास के मानद शेरिफ" के रूप में सम्मानित किया गया था।